BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... **Date:..........................**

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (24.12.2024)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 24.12.2024, PAGE-06

विवि में विद्यार्थियों के पहुंचने पर हुआ छात्र संवाद आयोजित

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में सोमवार को छात्रों के पहुंचने पर छात्र संवाद का आयोजन किया गया। पहले अपरिहार्य कारणों से छात्र संवाद को स्थगित कर दिया गया था।

छात्र संवाद में प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय, विवि के लॉ अफसर डॉ. सत्यप्रकाश राय और विवि के इस्टेट ऑफिसर डॉ. दिलीप कुमार और डॉ. अमर बहादुर शुक्ला ने छात्रों की समस्याएं सुनीं। छात्र संवाद को लेकर पहले अनजाने में गेस्ट हाउस के बाहर पोस्टर लगाये गये लेकिन बाद में उसे हटा लिया गया। संवाद में आने वाले छात्रों ने पेंडिंग ठीक नहीं होने की शिकायत की। सत्र 2015-18 के छात्र रविकेश कुमार ने कहा कि उनका रिजल्ट कई वर्षों से पेंडिंग है। एक अन्य छात्र गुलाम अली ने कहा कि उनका पार्ट टू में रिजल्ट पेंडिंग है। अधिकारियों ने छात्रों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

Ref:.....................   Date:...........................

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 24.12.2024, PAGE-06

पोर्टल पर अपलोड करने के लिए छात्रों का बनेगा डाटा

मुजफ्फरपुर। नैड पोर्टल पर छात्रों के सर्टिफिकेट और डिग्री अपलोड करने लिए बीआरएबीयू में तीन सत्रों 2019-22, 2020-23 और 2021-2024 का डाटा तैयार किया जायेगा। बीआरएबीयू की रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्णा ने सोमवार को विवि अधिकारियों के साथ बैठक कर यह निर्देश दिया।

डाटा अन्य विवि की तुलना में काफी कम है। रजिस्ट्रार ने मंगलवार दोपहर तीन बजे तक तीनों सत्र का डाटा तैयार करने को कहा है। बताया कि एक जनवरी को पोर्टल बंद हो जायेगा, इसलिए 31 दिसंबर तक सभी डाटा अपलोड कर लिया जाये।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 24.12.2024
PAGE-04

मैच आरंभ होने से एक घंटे पहले करेंगे रिपोर्ट

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की मेजबानी में 17 वर्षों के बाद हो रही ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए निर्धारित हर मैच में टीम को एक घंटे पहले रिपोर्ट करनी होगी। प्रतियोगिता में कुल 22 विश्वविद्यालयों की टीम हिस्सा ले रही है। सभी प्रतियोगिताएं एलएन मिश्रा कालेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट में होंगी। पहले दिन आठ मैच होंगे। उद्घाटन मैच में रामा देवी वूमंस यूनिवर्सिटी विद्या विहार भुवनेश्वर (आरडीडब्लयू विश्वविद्यालय) का सामना अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से होगा। दूसरे दिन कुल छह मैच होंगे। वहीं तीसरे दिन यानी 28 दिसंबर को चार मैच होंगे। इसके बाद 29 से 31 तक लीग मैच होंगे। सुबह और शाम दोनों ही सत्र में मैच होंगे। सुबह के मैच 10 बजे से शुरू होंगे। वहीं शाम में दोपहर तीन बजे से मैच होंगे। रात में भी मैच कराने की तैयारी चल रही है। सभी टीम को चार पूल में बांटा गया है।